स्पीड पोस्ट

फैक्स/ई-मेल

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद, उ0प्र0
अनुभाग-4, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

संख्या 517/4- 12एक/2014(टीसी)        दिनांक 13/07/2016

विषय- राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत हैं कि वर्ष 2016 में लेखपाल, संग्रह अमीन एवं भूमि अध्याप्ति अमीन संवर्ग से राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नत एवं सीधी भर्ती से चयनित लगभग 2000 राजस्व निरीक्षकों की तैनाती विभिन्न जनपदों में की गई है तथा राजस्व निरीक्षक के नवसृजित 1308 पदों का आवंटन विभिन्न जनपदों के मध्य किया गया है। इसके अतिरिक्त दिनांक 30-06-2016 को 154 राजस्व निरीक्षकों का स्थानान्तरण भी विभिन्न जनपदों में किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही के फलस्वरूप जनपदों में उपलब्ध राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों की स्थिति में अन्तर आ गया है। निकट भविष्य में राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों पर पदोन्नति कराये जाने की कार्यवाही गतिमान है, अतः राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों के सूचना की तत्काल आवश्यकता है।

उपरोक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों की सूचना निम्न प्रारूप में <u>दिनांक 18-07-2016 तक प्रत्येक</u> दशा में परिषद को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रारूप

| राजस्व निरी0 के कुल स्वीकृत पद (राजस्व निरी0 क्षेत्र, कार्यालय व भूलेख को सम्मिलित करते हुये) | राजस्व निरी0 के कुल भरे पद (राजस्व निरी0 क्षेत्र, कार्यालय व भूलेख को सम्मिलित करते हुये) | राजस्व निरी0 के कुल रिक्त पद |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

भवदीय,

(महेन्द्र सिंह)
उप भूमि व्यवस्था आयुक्त,
कृते आयुक्त एवं सचिव।